राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनाक : 23.07.2015

–: प्रेस–विज्ञप्ति :–

आयोग द्वारा कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार प्रतियोगी परीक्षा, 2013 **दिनांक 02.08.2015 (रविवार) को प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2.30 बजे से 5.00 बजे तक दो सत्रों में समस्त जिला मुख्यालयों, उपखण्ड, तहसील** स्तर पर आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा में समस्त निःशक्तजन अभ्यर्थियों को उनके आवेदन पत्र में भरे गये जिलानुसार परीक्षा केन्द्र आवंटित कर दिया गया है । निःशक्तजन अभ्यर्थी को पहले उपलब्ध करवाया गया प्रवेश पत्र निरस्त माना जायेगा।

अतः समस्त निःशक्तजन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र आयोग के वेबपोर्टल https://rpsconline.rajasthan.gov.in से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से पुनः डाउनलोड करें। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर अपने प्रवेश पत्र मय उपस्थिति पत्रक के साथ एक फोटो एवं कोई फोटो पहचान–पत्र अपने साथ अवश्य लेकर आवे।

आयोग द्वारा सभी अभ्यर्थियों को SMS द्वारा भी सूचित किया जा रहा है।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव

– –